# अपनी बात

अंक : 467, वर्ष 37

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

राँची, 30 जून, 2013


## विश्व पर्यावरण दिवस

विश्व पर्यावरण के अवसर पर 5 जून को सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड तथा सभी क्षेत्रों में ''पर्यावरण दिवस'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष पर्यावरण दिवस का विषय था ''सोचो, खाओ और बचाओ''। (Think, Eat and Save)

मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने सर्वप्रथम उपस्थित सभी कर्मियों को पर्यावरण दिवस की बधाई दी। उन्होंने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पर्यावरण की महत्ता, ग्लोबल वार्मिंग आदि पर प्रकाश डाला एवं इसके संरक्षण के लिए हर संभव उपाय करने पर बल दिया। वर्तमान युग को बचाने के लिए पर्यावरण संरक्षण के प्रति हर व्यक्ति को योगदान करना होगा तभी पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। उन्होंने जानकारी दी कि सीसीएल ने अपने कार्यक्षेत्र में लाखों की संख्या में पेड़ लगा कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। पर्यावरण दिवस को मात्र औपचारिकता ना समझें बल्कि अपने सोच में बदलाव लाते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करें तथा दूसरों को भी प्रेरित करें। पर्यावरण का सीधा संबंध मानवता से है। हमें भावी पीढ़ी के लिए सम्पोषित विकास को भी ध्यान में रखते हुए कार्य करना होगा।




विश्व पर्यावरण दिवस का आगाज करते हुए सीएमडी श्री गोपाल सिंह, निदेशकद्वय, सीवीओ एवं अन्य

निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री टी के नाग ने इस वर्ष के पर्यावरण विषय की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने खाधान्न की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने ग्रीन हाउस एवं कार्बन डायआक्साइड गैस की वृद्धि पर भी चर्चा की और कहा पर्यावरण दिवस का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाना है।

निदेशक(कार्मिक) श्री आर आर मिश्र ने कहा कि प्रत्येक वर्ष हमलोग पर्यावरण दिवस मनाते हैं लेकिन हमें प्रत्येक दिन को पर्यावरण दिवस के रूप में मनाना चाहिए और प्रतिदिन की आदतों में बदलाव लाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने इस संबंध में राजस्थान का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि वहां एक ऐसा गांव भी है जहां बेटी के जन्म पर 100 पौधे लगा कर खुशियाँ मनाते हैं। श्रीमती विस्मिता तेज, मुख्य सतर्कता अधिकारी ने अवसरानुसार अपना विचार रखते हुए कहा कि हमारा संसार बहुत ही सुन्दर है और इस सुन्दरता को बनाये रखने के लिए सतत प्रयास करें।

श्री गोपाल सिंह, श्री टी के नाग एवं श्री आर आर मिश्र ने पर्यावरण दिवस के पूर्व आयोजित पेन्टिंग एवं क्विज प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

इसके पहले मुख्यालय, रांची में श्री आर आर मिश्र, निदेशक (कार्मिक) ने पर्यावरण झंडोत्तोलन कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा उपस्थित कर्मियों को 'पर्यावरण शपथ' दिलाई।

## सीसीएल कमांड क्षेत्र से 200 से अधिक फुटबॉल टीमों का गठन

अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री गोपाल सिंह के दिशा–निर्देश में शुरू की गई कायाकल्प योजनान्तर्गत 'चलो गाँव की ओर' के तहत खेल अनुभाग द्वारा सीसीएल के कमांड क्षेत्र के भीतर आनेवाले गाँवों से 200 से अधिक फुटबॉल टीमों का गठन किया जा चुका है।

इसी के आलोक में मुख्यालय स्थित 'विचार मंच' में श्री आर आर मिश्र, निदेशक (कार्मिक) की अध्यक्षता में एक समारोह का आयोजन कर




ग्रामीण फुटबॉल टीम के कप्तानों को प्रोत्साहित करते हुए निदेशक (कार्मिक) श्री आर आर मिश्र

सभी टीमों के कैप्टनों को सम्मानित किया गया, उनसे परिचय प्राप्त किया गया एवं उनकी हौसला आफजायी की गई। फुटबॉल टीम के गठन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर के खिलाड़ियों के रूप में उनका विकास करना है। विचार मंच में उपस्थित सभी कैप्टन और इससे जुड़े नोडल अधिकारियों का फुटबॉल के प्रति जुड़ाव और उत्साह देखते ही बन रहा था। समारोह का प्रारंभ कोल इंडिया कारपोरेट गीत के साथ हुआ।

समारोह को संबोधित करते हुए श्री आर आर मिश्र, निदेशक (कार्मिक) ने सीसीएल परिवार से जुड़ने वाली टीमों के नौजवान खिलाड़ी साथियों को जोहार कहा। उन्होंने कहा कि सीसीएल वृहद परिवार में आप सभी का स्वागत है तथा आप सभी इस वृहद् परिवार के सदस्य हैं। श्री मिश्र ने सीसीएल द्वारा किए जा रहे निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सी एस आर) कार्यों–बेयर फुट मैनेजमेंट, स्वरोजगार, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि की विस्तृत जानकारी दी। श्री मिश्र ने कहा कि कमांड क्षेत्र के गाँव का एक नौजवान अपने गाँव एवं कम्पनी के बीच में कड़ी का काम करेगा। श्री मिश्र ने सभी क्षेत्रों के नोडल अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीण फुटबॉल का आयोजन कर प्रत्येक क्षेत्र से दो टीमों का चयन करें और इसके बाद ये टीमें अन्तर क्षेत्रीय फुटबॉल प्रतिस्पर्द्धा में भाग लेंगी। इन्हीं खिलाड़ियों के बीच से 50 प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन विशेषज्ञों द्वारा किया जायगा जिन्हें तराशकर अच्छे प्रशिक्षण के लिए तैयार किया जायगा। आप सभी फुटबॉल खिलाड़ी सीसीएल के ब्रांड एम्बेसेडर हैं। आप सभी खेल के माध्यम से आगे बढ़ें और राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपना एवं सीसीएल का नाम रौशन करें।

श्री के एस पात्रो, महाप्रबंधक (कार्मिक) ने स्वागत भाषण किया तथा धन्यवाद ज्ञापन श्री आर एस महापात्रा, महाप्रबंधक(का/एन इ इ) ने किया। विभिन्न क्षेत्रों से आये कैप्टनों ने भी इस अवसर पर अपने–अपने विचार रखते हुए कहा कि सीसीएल का फुटबॉल के प्रति लगाव और उसकी बेहतरी के लिए किए जा रहे प्रयास अति सराहनीय हैं और हम सभी सीसीएल के साथ हैं।

## स्वास्थ्य जांच शिविर

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, केन्द्रीय अस्पताल गांधीनगर के चिकित्सक दल ने कम्पनी के सी.एस.आर. माहवारी स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम के अन्तर्गत लुपुंगटोली गांव में एक निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया। चिकित्सक दल के डा. कादम्बरी कुमारी ने चिकित्सा शिविर में आये 123 ग्रामीण बुजुर्ग, बच्चे, महिलाओं एवं पुरूषों के स्वास्थ्य की जांच की एवं उन्हें निःशुल्क दवाइयों के साथ चिकित्सीय सलाह भी दी। मौके पर शिविर में शामिल सभी ग्रामीणों का हिमोग्लोबिन जांच किया गया जिसमें 85 प्रतिशत एनीमिया से ग्रसित पाये गये। सभी एनीमिक रोगियों को आइरन की गोलियां दी गई।


सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक, जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निवेदिता बनर्जी, वरीय अधिकारी (रा.भा.), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)